2550वाँ भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव - उदघाटन समारोह

दिनाँक 21.04.2024 को भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत मंडपम, प्रगति मैदान, दिल्ली में 2550वाँ भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव के उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की ओर से 131 विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गरिमामयी उपस्थिति, विधि एवं न्याय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री अर्जुन राम मेघवाल व केंद्रीय संस्कृति एवं विदेश राज्य मंत्री, भारत सरकार श्रीमती मीनाक्षी लेखी की समुपस्थिति में जैनाचार्यों, साधु-साध्वीवृन्द, राजनीतिज्ञों, विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अपार जनसमूह इस गौरवमयी क्षण का साक्षी बना। प्रधानमंत्री जी ने विद्यालय की ओर से भगवान महावीर के जीवन चरित्र को दर्शाती झाँकियों का अवलोकन किया और नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा झाँकियों के वर्णन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य-नाटिका 'वर्तमान में वर्धमान' के माध्यम से दर्शाया कि भगवान महावीर के कालजयी उपदेश हर युग में प्रासंगिक हैं।

विद्यालय परिवार के लिए यह एक गौरवमयी क्षण था जब प्रधानमंत्री जी ने अपने वक्तव्य में कहा, "भगवान महावीर के जीवन पर विद्यार्थी मित्रों द्वारा तैयार चित्रों को देखा। युवा साथियों ने 'वर्तमान में वर्धमान' सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। हमारे अनादि मूल्यों के प्रति, भगवान महावीर के प्रति युवा पीढ़ी का यह आकर्षण व समर्पण यह विश्वास पैदा करता है कि देश सही दिशा में जा रहा है।"

तदुपरांत प्रधानमंत्री जी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, "भगवान महावीर स्वामी के जीवन व चिंतन पर आधारित नृत्य- नाटिका ' वर्तमान में वर्धमान' की मनमोहक प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध कर दिया। "